**भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड,**
**"खनिज भवन" भोपालपानी, देहरादून**

संख्याः 5489/उ0ख0(ईनि)-V/वि0का0ज्ञा0/भू0खनि0नि0/2025–26,                दिनांक 17 दिसम्बर, 2025

**ई–निविदा हेतु आमंत्रण सूचना**

उत्तराखण्ड शासन, औद्योगिक विकास अनुभाग–1 की अधिसूचना सख्या 977/VII-A-1/2023-24ख/2007, दिनांक 16 जून, 2023 के द्वारा प्रख्यापित उत्तराखण्ड उप–खनिज (परिहार) नियमावली–2023 के अध्याय–4 के नियम–20 (1), (2) एवं (4) में भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून के कार्यालय ज्ञाप संख्या 2563, दिनांक 22.08.2023, कार्यालय ज्ञाप संख्या 4322, दिनांक 08.10.2024, कार्यालय ज्ञाप संख्या 7747, दिनांक 27 मार्च, 2025, कार्यालय ज्ञाप संख्या 4295, दिनांक 07.10.2024, कार्यालय ज्ञाप संख्या 6415, दिनांक 16.01.2025, कार्यालय ज्ञाप संख्या 2639, दिनांक 06.08.2025, कार्यालय ज्ञाप संख्या 4413, दिनांक 28.10.2025 के द्वारा विज्ञापित किये जाने की प्रदत्त स्वीकृति के क्रम में जनपद उत्तरकाशी के 16 लॉट, जनपद चमोली के 01 लॉट, जनपद टिहरी गढवाल के 04 लॉट, जनपद रूद्रप्रयाग के 01 लॉट, जनपद देहरादून के 01 लॉट, जनपद पिथौरागढ़ के 03 लॉट, जनपद बागेश्वर के 01 लॉट, जनपद नैनीताल के 02 लॉट, जनपद चम्पावत के 01 लॉट, जनपद पौडी गढवाल के 05 लॉट, **कुल 35 खनन लॉटों** में पुर्ननिविदा तथा कार्यालय ज्ञाप संख्या 5296, दिनांक 09.12.2025, कार्यालय ज्ञाप संख्या 5460, दिनांक 16.12.2025 के द्वारा विज्ञापित जनपद टिहरी गढवाल के 04 लॉट, जनपद उत्तरकाशी के 01 लॉट, जनपद पौडी गढवाल के 04 लॉट, जनपद उधमसिंहनगर के 05 लॉट, जनपद अल्मोडा के 01 लॉट, जनपद पिथौरागढ़ के 01 लॉट, **कुल 16 नवीन लॉटों प्रथम बार** नियमावली के नियम–20(2) के प्रावधानानुसार राज्य के मूल निवासी/निवासियों की समितियों/फर्म /कम्पनियों को 05 वर्ष की अवधि तथा 05 है0 से अधिक क्षेत्रफल के जनपद देहरादून के **02 लॉट उपखनिज लॉटों (पुर्ननिविदा)** को भारत के नागरिक/नागरिकों की समितियो/फर्म/कम्पनियो को 10 वर्ष की अवधि हेतु ई–निविदा (E-Tender) के माध्यम से खनन पट्टे पर आवंटन किये जाने के लिए तकनीकी निविदा (Technical bid) एवं वित्तीय निविदा (Financial Bid) इच्छुक बोलीदाताओं से Online आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| विज्ञापन प्रकाशन की तिथि | दिनांक 18.12.2025 (बृहस्पतिवार) |
| uktenders.gov.in पर निविदा अपलोड की तिथि | दिनांक 19.12.2025 (शुक्रवार) |
| uktenders.gov.in से निविदा डाउनलोड/बिक्री आरम्भ करने की तिथि | दिनांक 19.12.2025 (शुक्रवार) |
| ऑनलाइन ई–निविदा जमा करने हेतु आरम्भ तिथि | दिनांक 20.12.2025 (शनिवार) को प्रातः 10.00 बजे से |
| ऑनलाइन ई–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | दिनांक 08.01.2026 (बृहस्पतिवार) को सांय 5.00 बजे तक |
| तकनीकी निविदा खोलने तथा ई–निविदा के परीक्षण/मूल्याकंन आरम्भ किये जाने की तिथि एंव समय | दिनांक 09.01.2026 (शुक्रवार) पूर्वाह्न 12.00 बजे से |
| समिति द्वारा तकनीकी निविदा के परीक्षण/मूल्यांकन के उपरान्त सफल निविदादाताओं की सूची वैबसाइट www.uktenders.gov.in में अपलोड करते हुये वित्तीय निविदा खोलने की तिथि एवं समय की घोषणा की जायेगी एवं तद्नुसार परिणाम उक्त वेबसाईट पर अपलोड किया जायेगा। | |

समस्त प्रतिभागी निविदादाताओं को सूचित किया जाता है कि निविदित खनन लॉट एवं निविदा की प्रक्रिया का विस्तृत विवरण तकनीकी निविदा (Technical Bid) तथा वित्तीय निविदा (Financial Bid) प्रपत्र में किया गया है। उक्त निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय, उत्तराखण्ड, रायपुर–थानो रोड़, भोपालपानी, देहरादून से तथा राज्य सरकार की वेबसाईट uktenders.gov.in एवं विभागीय वेबसाईट dgm.uk.gov.in से डाउनलोड कर भी प्राप्त किया जा सकता है, जिस हेतु रू0 20,000.00 (बीस हजार मात्र) विभागीय लेखाशीर्षक 0853–00–800–01–01 में + उक्त धनराशि का 18% GST का डिमाण्ड ड्राफ्ट **निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय** के पक्ष में पृथक से जमा कराते हुए जमा चालान एवं डिमाण्ड ड्राफ्ट की प्रति निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि से पूर्व मूल में निदेशालय में जमा कराई जानी आवश्यक होगी। निविदा प्रपत्र क्रय किये जाने हेतु जमा चालान एवं डिमाण्ड ड्राफ्ट की प्रति तकनीकी निविदा (Technical Bid) के साथ भी अपलोड की जानी आवश्यक होगी। सभी निविदादाताओं से अपेक्षा की जाती है कि उक्तानुसार निविदा प्रपत्र प्राप्त कर उसका भली भांति अध्ययन करने के उपरान्त ही निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें। अस्पष्ट एवं अपूर्ण निविदा प्रपत्रों/आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

**नोट– जिन प्रतिभागी निविदाताओं के द्वारा पूर्व में उपरोक्त निविदित लॉटों की ई–निविदा में प्रतिभाग किया गया है, के द्वारा जिस लॉट के सापेक्ष जो आवेदन शुल्क जमा किया गया, को पुनः उक्त लॉट हेतु प्रयुक्त किया जा सकेगा तथा निविदा प्रपत्र शुल्क नवीन चालान के माध्यम से एवं 18 प्रतिशत जी0एस0टी0 का बैक ड्राफ्ट पृथक से पुनः जमा किया जायेगा। आवेदन शुल्क (रू0 एक लाख) को किसी दूसरे लॉट में प्रयुक्त किये जाने पर ऐसी निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा तथा उक्तानुसार निविदा निरस्त कर दी जायेगी।**

(राजपाल लेघा)
निदेशक
17/12/25